
एक नजर में

## राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण परिषद की धार जिला कार्यकारिणी घोषित, भारत सिंगार बने जिला अध्यक्ष



**सरदारपुर** .राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण परिषद मध्यप्रदेश द्वारा संगठन को मजबूत करने हेतु राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण परिषद के अध्यक्ष बालुसिंह बारिया जी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मयाराम मेडा जी के निर्देश व प्रदेश महासचिव जिवन गिरवाल कि सहमती से धार जिले कि कार्यकारिणी घोषित कि जिस में धार जिला अध्यक्ष भारत सिंगार सरदारपुर,शिवराम मुवेल जिला उपाध्यक्ष (मनावर) ,बालाराम अजनार जिला उपाध्यक्ष (सरदारपुर) ,भेरूलाल वसुनिया जिला महासचिव (बदनावर) , मोहन डोडियार जिला महासचिव (धार), राहुल वास्केल जिला महासचिव (मनावर) ,सुनिल परमार जिला सचिव (गंधवानी) दिनेश मेड़ा जिला सचिव (गंधवानी) , रामु परमार जिला सचिव (धरमपुरी) अजय भाबर जिला सचिव (धार) आदि को नियुक्त किये व राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण परिषद के नीति रीति व प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे इस नियुक्त पर सरदारपुर तहसील अध्यक्ष अनिल खराड़ी, रामेश्वर भाबर, पप्पू कटारा,सुबेदार कटारा सरदारपुर नगर अध्यक्ष अजय मेड़ा, राजगढ़ नगर अध्यक्ष बाबलु चौहान आदि के बधाई दी ।यह जानकारी मिडिया प्रभारी दीपक मेडा ने दी।

## वानर ने जब अखंड रामायण सुनी तो श्रीराम भक्त बोले - हनुमानजी पधार गए

**सरदारपुर।** सर्किट हाउस मार्ग के समीप छावनेश्वर महादेव मंदिर पर



परम्परागत महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में रखी गई संगीतमय अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। यह आयोजन सुनील जगदीशचंद्र गुप्ता परिवार द्वारा 60 वर्षों से चलता आ रहा है। इस दौरान अंखड रामायण पाठ के चलते श्रीराम भक्तो में खुशी उस वक्त समा गई, जब एक वानर मंदिर परिसर में भगवान श्रीराम और हनुमानजी की रखी गई तस्वीर के समुंख बैठकर रामायण पाठ के दोहे चौपाइयों का श्रवण किया, वानर काफी समय तक बैठकर रामायण की चौपाइयां सुनता रहा, श्रीदादा दयालु सुंदरकांड मंडल और उपस्थित श्रीराम भक्तो में यह नजारा देखकर बोले हनुमानजी पधार गए। सनातन धर्म में वानरों को हनुमानजी की सेना स्वरुप माना जाता है। कार्यक्रम का समापन सोमवार सुबह 10 बजे पूर्णाहुति आरती महाप्रसादी के साथ किया गया। बडी संख्या मे भक्तो ने धर्म पुण्य लाभ लिया।

## भोलेनाथ की बारात में सैकड़ों श्रद्धालु झूमे



**मांडव ।** मांडू में महाशिवरात्रि के पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ की बारात में शामिल हुए ढोल ताशे डीजे साथ ही शाही सावरी के साथ बाबा भोलेनाथ का अभिषेक कर संध्या को बाबा की बारात निकाली गई जिसमें महिला बच्चों सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने नृत्य कर कार्यक्रम को धार्मिक और सहजपूर्ण बनाया प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष में बाबा भोलेनाथ को विधि विधान से पूजा पाठ कर शिव बारात आयोजन किया गया साथ चतुर्भुज श्री राम मंदिर मांडूमहंतडॉनरसिंह दास जी महाराज साथ ही पुजारी महेंद्र जी शुभम जी और विद्यालय के समस्त विद्यार्थी काफी संख्या में मौजूद रहे और बाबा भोलेनाथ का अभिषेक कर उनके अगवानी के बाद बारात को निकाला गया युवाओं ने बाबा भोलेनाथ की बारात में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और नृत्य किया

## आज संस्था श्री गोविंद माधव विद्यापीठ द्वारा वार्षिक उत्सव कार्यक्रम अभ्युदय 2025-26 आयोजित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री शेखर जी यादव अध्यक्ष प्रतिनिधि नगर परिषद बदनावर ,विशेष अतिथि के रूप में श्री प्रेमचंद परमार जी जिला उपाध्यक्ष भाजपा धार ,श्री मनीष जी गुर्जर अध्यक्ष नगर मंडल बदनावर ,श्री विवेक जी पाटीदार अध्यक्ष जन भागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय बदनावर ,श्री डी एन गुजराती जन शिक्षा अधिकारी बदनावर ,श्री अखिलेश जी राजपुरोहित सेवानिवृत्त वरिष्ठ बैंक प्रबंधक ,श्री बापू सिंह जी यादव रिटायर्ड फॉरेस्ट रेंजर ,श्री दशरथ सिंह जी डोडिया रिटायर्ड पोस्टमास्टर ,संस्था प्रमुख श्री ओ.पी जोशी जी रहे कार्यक्रम का संचालन श्रीमती मोनिका जोशी ने किया कार्यक्रम में अतिथि परिचय स्वागत भाषण अंशुमन जोशी द्वारा दिया गया कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई देश भक्ति एवं धार्मिक तथा सांस्कृतिक थीम पर आयोजित इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध लिया वृद्धाआश्रम नाटक की अभिभावकों द्वारा सराहना की गई कार्यक्रम में वार्षिक खेलकूद में सहभागी छात्र-छात्राओं एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया,

## संत शिरोमणि गाडगे जी महाराज के जन्मोत्सव एवं महाशिवरात्रि पर भव्य शोभायात्रा निकाली



**धार ।** सकल पंच रजक समाज धार द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी संत शिरोमणि गाडगे जी महाराज के जन्मोत्सव एवं महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर संत श्री गाडगे महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभा यात्रा की शुरुआत शहर की नालछा दरवाजा क्षेत्र से हुई जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुन: नालछा दरवाजा पर समापन हुआ शोभायात्रा की शुरुआत संत श्री के तेल चित्र की पूजा कर कर की गई नवयुवक मंडल द्वारा शिव प्रतिमा की झांकी रही वही शोभायात्रा में युवा वरिष्ठ महिला एवं बच्चों ने भाग लिया शोभायात्रा का समापन संत श्री के तेल चित्र की आरती करके एवं महाप्रसादी वितरण करके किया गया वही सकल पंच रजक समाज अध्यक्ष कैलाश पिपलोदिया एवं नवयुवक मंडल अध्यक्ष भरत मालवीय सहित सेक ?की संख्या मे समाजजन शामिल हुवें उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी अक्षय बारिया द्वारा दी गई।





# महाशिवरात्रि पर्व : श्री बड़केश्वर महादेव के दर्शन के लिए लगा भक्तों का तांता

- लोगों ने लिया दर्शन के बाद मेले का आनंद बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ी

**बाग** - बाग एवं कुक्षी के बीच ग्राम खण्डलाई में अति प्राचिन श्री बड़केश्वर महादेव मेला जो एक ऐतिहासिक मालवा निमाड़ अंचल का होता है । जिसे देखने के लिए बड़ी दूर दराज से भक्तजन आते हैं और साथ ही श्री महादेव के दर्शन भी करते हैं । रविवार को महाशिवरात्रि पर्व होने के चलते महादेव के मंदिर में भक्तों की बड़ी संख्या में भीड़ लग गई सुबह से ही श्रध्दालुओ का बड़केश्वर में आना प्रारंभ हो गया था जो दोपहर तक एक बड़ी लम्बी लाईन में तब्दील हो गया घंटों इंतजार के बाद भक्तों ने भगवान महादेव के दर्शन का लाभ लिया इसके पश्चात ही मेरे का भी आनंद लिया । सूत्रो बता रहे हे की करीब 50 हजार भक्तों ने महाशिवरात्रि पर भगवान भोले के दर्शन किए । मंदिर समिति की ओर से श्रध्दालुओं को साबुदाने फहालारी की खिचड़ी प्रसादी बतोर वितरण की गई रात्रि को महादेव का जलाभिषेक किया गया वहीं महादेव का दुल्हे के रुप में विशेष श्रृंगार भी किया गया ।

**भीड़ पर पुलिस प्रशासन का रहा नियंत्रण** -महाशिवरात्रि पर्व पर दर्शन के लिए उमड़ने वाली भीड़ पर पुलिस प्रशासन का पुरा नियंत्रण रहा ट्राफिक की दिक्कत से जुझते रहे श्रध्दालु एक से डेढ़ किलो मीटर तक वाहनो का काफिला होने से ट्राफिक जाम होता रहा मगर उतनी ही सक्रियता से बाग पुलिस व्यवस्था को सम्हाले हुए थी । सोमवार को भी वैसी ही भीड़ का नजारा बड़केश्वर मेले में देखने को मीला । खाने पीने की वस्तुओं के साथ मेले में आने वालों ने झुले चकरी मौत का कुआ ठंडे पेय आदि का आनंद लिया ।

### मेले के समापन के बाद से ही होगा भगोर्या हाट का आगाज

सात दिवसीय श्री बड़केश्वर महादेव मेले के समापन के साथ ही होगा आदिवासीयों का विशेष भगोर्या हाट का आगाज सप्ताह भर भगोर्या हाट की रहेगी धूम बाजारो में बड़ी संख्या में आदिवासी युवक युवतियां बाजारों में आएंगे और इस भगोर्या हाट का बड़े ही उत्साह उमंग के साथ आनंद लेंगे इस हाट की आदिवासी समाज में बड़ी तैयारी रहती है अपनी मादल थाल को तैयार करने के साथ अपने सजने संवरने की सामग्री की भी तैयारी करते हैं भगोर्या हाट में जब ये लोग अपनी आदिवासी पेरवास मे सज संवर के आते हैं तो हाट का नजारा अलग ही होता हे अपनी आदिवासी परंपरा के साथ उल्लास से मनाया जाता है भगोर्या हाट ।

# सेवा भावी कर्मठ और प्रेरक व्यक्तित्व की सेवानिवृत्ति

- सैकड़ो मित्रों और परिवार जनों ने उत्सव का रूप देकर बनाया याद गार दिन



**बदनावर** .कश्यप स्वीटनेस में उत्पादकता मैनेजर के रूप में पदस्थ नीलेश कोठारी के सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें एक शानदार विदाई दी गई ।कश्यप स्वीटनेस प्रबंधन से जुड़े लगभग सभी मुख्य लोगों ने उन्हें फैक्ट्री के गेट से घर तक बैंड बाजा के साथ जगह-जगह स्वागत के साथ घर पहुंच कर विदाई दी ।

साथ ही सेवानिवृत्ति के दिन के पश्चात अगले दिन जन्मदिवस के मौके पर श्री कोठारी के परिवार वालों ने एक अनूठा आयोजन रखा। जिसमें कोठारी के बचपन से लेकर अभी तक के सारे मित्र नजर आए ।और उन्होंने एक सुंदर आयोजन कर कोठारी जी को एक अविस्मरणीय यादें दी । आयोजन पूर्णतया प्लास्टिक मुक्त रहा। साथ ही श्री कोठारी ने किसी से भी उपहार नहीं लेकर एक समाज को नई प्रेरणा दी।

उनके मित्रों और परिवार जनों ने ने बताया सेवा निवृत्ति का दिन सभी के जीवन के लिए बहुत कुछ नयापन लिए हुए होता है। और बड़ा ही महत्वपूर्ण जीवन का एक पड़ाव होता है कश्यप स्वीटनेस में लगभग 13907दिवस या 35 वर्ष की सेवा निरंतर लगातार देने के बाद श्री कोठारी आज भी तरोताजा और नजर आते हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी एक शानदार व्यक्तित्व भारतीय जीवन बीमा निगम के कुशल अभिकर्ता के रूप में बदनावर में कई परिवारों में पहुंच एक श्रेष्ठ पिता या अभिभावक दो पुत्री और एक पुत्र के पिता छोटी बेटी एमबीबीएस बड़ी इंजीनियर और बेटा आईआईटी में अध्यनरत। संघ की विचारधारा को विद्यार्थी जीवन से अभी तक धारण कर राष्ट धर्म पर नित्य कर करने वाले। श्री नीलेश कोठारी गीता भवन सेवा न्यास के द्वारा लगभग 20 से लोगों को नेत्र दान के लिए प्रेरित कर कर 40 घरों में आंखों की रोशनी लौट कर सेवा का उजाला फैलाया है। ऐसा उनकी उपलब्धियां का कई प्रमुख लोगों ने वर्णन किया। कोठारी के अधिकारी श्री राजीव गौर वाड़ा श्री पंड्या विपिन जैन सुमित शर्मा सुरेश ठाकुर शैलेंद्र भट्ट सहित सैकड़ो मित्र उपस्थित रहे ।बचपन के साथी उनके मित्र नितेश जोशी संचालन की भूमिका निभाई।

साथ ही प्रोजेक्टर पर श्री कोठारी के जीवन के कई चल चित्रों को चला कर डॉक्यूमेंट्री दिखाई। जिसे उनके मित्रों और परिवार जिन्होंने बड़े चाव से देखा। इस तरह का आयोजन नगर में चर्चा का विषय रहा।

## उन्नति एकेडमी बदनावर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**बदनावर ।** मध्य प्रदेश न्याय विभाग द्वारा ꕷविधिक साक्षरता एवं जागरूकता अभियानꕷ के अंतर्गत आज उन्नति एकेडमी, बदनावर में एक महत्वपूर्ण विधिक साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला जज जी.सी. मिश्रा उपस्थित रहे। उनके साथ मानवाधिकार सदस्य जयेश राजपुरोहित, प्रख्यात अधिवक्ता एवं विद्यालय प्रबंधन सदस्य श्री मुकेश जी संघवी तथा संस्था के चेयरमैन श्री राजेंद्र सिंह पंवार ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई।



## मोहिनी लखेरा का निधन,नेत्रदान किए

**बदनावर। स्वर्गीय रमेश चंद्र सोलंकी उज्जैन वाले की धर्मपत्नी एवं मुकेश आर्य लखेरा की सासुमां मोहिनी देवी सोलंकी 75 का सोमवार को स्वर्गवास हो गया ।मंगलवार को निवास स्थान जवाहर मार्ग से शव यात्रा निकालकर नागेश्वर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा**

ज्ञानदीप मंडल के प्रयास से नेत्रदान हुआ है जिसमें गीता भवन ट्रस्ट बड़नगर के डॉक्टर गोवर्धन ददरवाल,परमानंद परमार एवं टिम द्वारा घर पहुंचकर नेत्र दान करने की पूरी प्रक्रिया की गई संस्था के प्रयास से नगर में यह आठवां नेत्रदान है ।संस्था अध्यक्ष विजय बाफना ने बताया कि इस नेत्रदान से चार लोगों की आंखों को रोशनी मिलेगी ।इस दौरान संस्था सदस्य अशोक लोढ़ा,एचआर पंवार,राजेश्वर त्रिवेदी उपस्थित थे। डाक्टर ददरवाल ने बताया कि इस नेत्रदान से चार लोगों की आंखों को रोशनी मिलेगी नेत्रदान महादान है निधन के बाद गर्मी में 5 घंटे तक एवं सर्दी में 8 घंटे तक नेत्रदान करवाया जा सकता है। मृतक मोहिनी देवी की बेटी निर्मला एवं दामाद मुकेश आर्य को ट्रस्ट द्वारा नेत्रदान का साहसिक निर्णय लेने पर प्रमाण पत्र दिया गया।

ज्ञानदीप मंडल द्वारा नेत्रदान करने पर परिवार के लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

## भरतनाट्यम के विविध नृत्यों की दी क्रमवार प्रस्तुति

इंदौर. महाशिवरात्रि पर भरतनाटयम नृत्य की कला साधिकाएं डॉ. भूमि बिसेन और सुश्री विश्वांगी वडनेरे का वरदा कला संस्थान की निदेशिका एवं कलागुरु श्रुति राजीव शर्मा के निर्देशन में अंरगेत्रम कार्यक्रम हुआ. लाभ मंडपम अभय प्रशाल में हुए अंरगेत्रम में दोनों कला साधिकाये डॉ. भूमि और सुश्री विश्वांगी ने अंरगेत्रम लाइव कर्नाटक संगीत पर दिया. दोनों कला साधिका गोल्डन क्रीम की चमकदार परम्परागत साड़ी पहने हुई थी और उन्होंने लगातार 2 घंटे तक भरतनाटयम नृत्य के विविध नृत्य की क्रमवार कवुथवम, मल्लारी, जातिस्वरम, शब्दम, वर्णम, वृंदावनी वेणु वाझे, अर्धनारी नटेश्वर, परमेश्वरी, तिल्लाना और मंगलंम की प्रस्तुति दी. दक्षिण भारत की करीब 2 हजार वर्ष पुरानी इस नृत्य परम्परा को दोनों कला साधिकाओ ने अपने नृत्य और अभिनय जीवंत कर दिया. कर्नाटक संगीत के मृद्गगम, वायलिन, बांसुरी आदि वाधयंत्रों पर सुंदर प्रस्तुति दी. .




## मेरा युवा भारत द्वारा युवा मंडल विकास अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ

**धार. मेरा युवा भारत के अंतर्गत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित मेरा युवा भारत केंद्र, धार द्वारा धार ब्लॉक में युवा मंडल विकास अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।**

जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत ने जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के अंतर्गत 10 युवाओं की एक टीम गठित की गई है, जो गांव-गांव भ्रमण कर युवा मंडलों को सक्रिय करने का कार्य करेगी।

युवा मंडल विकास अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में युवा मंडलों (*Youth Clubs*) के नेटवर्क का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण करना है। इसके अंतर्गत निष्क्रिय युवा मंडलों को पुन: सक्रिय किया जाएगा, युवाओं का ख्वक्र्रद्धड्डह्लड्ढह्ल पोर्टल पर पंजीकरण कराया जाएगा तथा उन्हें सामुदायिक विकास एवं राष्ट्र निर्माण में प्रभावी भूमिका निभाने हेतु नेतृत्व क्षमता एवं आवश्यक कौशल प्रदान किए जाएंगे। अभियान के माध्यम से युवाओं को संगठित कर उन्हें सामाजिक, शैक्षणिक एवं विकासात्मक गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में सार्थक पहल की जा रही है।




एक नजर में — मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक

# विभिन्न विभागों के बैंकर्स चेक के लंबित भुगतान के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए

**धार।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा कर समस्त विभागों को प्रगति लाने तथा शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा धार जिले के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 की पोटेंशियल लिंक्ड प्लान पुस्तक का विमोचन किया गया। *PLP* के माध्यम से जिले के विकास को समर्थन देने हेतु समन्वित योजना एवं क्रेडिट फ्लो को सुदृढ़ करने पर विशेष फोकस किया गया। यह विमोचन नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक सौदामिनी माईणकर की



उपस्थिति में संपन्न हुआ।

बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अधिक से अधिक आवेदनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए गए। अभियान की ब्लॉकवार समीक्षा कर प्रगति लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

विभिन्न विभागों के बैंकर्स चेक के लंबित भुगतान के संबंध में जिला कोषालय अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिन हितग्राहियों की ई-केवाईसी लंबित है, उनकी ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में सीएम मॉनिट व विभिन्न आयोग के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा अंतर्गत निराकृत किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने विशेष रूप से राजस्व न्यायालयों में लंबित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन एवं अवैध अतिक्रमण से संबंधित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन तथा पीएम किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को पैसा एक्ट के अंतर्गत लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी बताया गया कि आगामी दिवस से जनगणना कार्य का प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा, जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्य संपादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ।इसके अतिरिक्त क्क॥रू उत्तीर्ण छात्रों के दस्तावेज नेशनल कमीशन फॉर होम्योपैथी (*NCH*) को प्रेषित न किए जाने एवं राज्य पंजीयन (*State Registration*) में हो रहे विलंब के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर संबंधित विभाग को त्वरित एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में श्री संजीव केशव पाण्डेय, अपर कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।